Chapter - 6

Types of DTP Package (डी.टी.पी. पैकेज के प्रकार)

डी.टी.पी पैकेज मूलत: चार प्रकार के होते हैं।

वर्ड प्रोसेसिंग पैकेज (Word Processing Package)

वर्ड प्रोसेसिंग एक वर्ड एडिटिंग सॉफ्टवेयर हैं क्योकि इस पैकेज का प्रयोग टेक्स्ट पर सुविधापूर्वक कार्य करने के लिए किया जाता हैं इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से हम image पर ज्यादा अच्छे से कार्य नही कर सकते हैं वर्ड प्रोसेसिंग पैकेज के अंतर्गत वे सॉफ्टवेयर आते हैं जिनका प्रयोग डॉक्यूमेंट में text Formatting, page setup, border, printing आदि करने के लिए किया जाता हैं साधारण: Book, magazine, office letter, application आदि के लिए इसका उपयोग किया जाता हैं। MS-word आदि इस प्रकार के पैकेज के उदाहरण हैं।

पेज लेआऊट के पैकेज (Page Layout Package)

इस पैकेज का प्रयोग विभिन्न प्रकार की पेज एडिटिंग करने के लिए किया जाता हैं यह Application (अनुप्रयोग) सामान्यत: पेज ले आऊट बनाने के लिये इस्तेमाल होता हैं। जैसे की किताब की डिजाइन (book design), पत्रिकायें (magazine), परिचय पत्र (identity letter), आदि । इसमें रंग संयोजन की भी सुविधाये होती हैं। इस प्रकार के पैकेज में वर्ड प्रोसेसर की अपेक्षा टेक्स्ट पर अधिक नियंत्रण रख सकते हैं। इन पैकेजो मे अन्य अप्लिकेशन की फाइल का आसानी से प्रयोग कर सकते हैं। इस प्रकार के पैकेज में साधारणत: टेक्स्ट एक block के रूप में होता हैं। जिसे आसानी से इच्छित जगह रखा जा सकता हैं। पेज लेआउट को भी सेट किया जा सकता हैं, जैसे बडे आकार के समाचार पत्र आदि। इस प्रकार के पैकेज के उदाहरण पेजमेकर, एम एस पब्लीशर आदि हैं।

ग्राफिक डिजाइन के पैकेज (Graphic Design Package)

इस पैकेज का प्रयोग अलग अलग प्रकार के ग्राफ़िक बनाने के लिए किया जाता हैं इन पैकेजो के द्वारा जटिल तथा कलात्मक डिजाइन बना सकते हैं। इस पैकेज में व्हेक्टर ग्राफिक्स (Vector Graphic) बनाने, बहुरंग पोस्टर बनाने, ब्राउशर डिजाइन के इन सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता हैं। साधारणत: इन अप्लिकेशन में बनाई हुए फाइलों का आकार बडा होता हैं। इस प्रकार के पैकेज के उदाहरण कोरलड्रा, अँडोब इलास्टेटर, फोटोशॉप आदि हैं।

फोटो एडीटिंग पैकेज (Photo Editing Package)

इस पैकेज का प्रयोग फोटो में एडिटिंग करने के लिए किया जाता हैं यह पैकेज सामान्यत: फोटो में बदलाव तथा फोटो में विभिन्न इफ़ेक्ट देने के लिये प्रयोग होता हैं। सामान्यत: इन पैकेजो में काम करने के लिये ज्यादा मेमोरी की जरूरत होती हैं। इस प्रकार के पैकेज के उदाहरण अँडोब फोटोशॉप, कोरल ड्रा, फोटो पेंट आदि है।